तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 सफाई ठेके का हर साल 26 करोड़ भुगतान यूजर से 18 करोड़ ...

12 अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस...


## खबर संक्षेप

### ट्रक ने कार को मारी ठोकर बाल-बाल बचे सवार

**बालोद।** झलमला चौक के पास ट्रक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। थाना बालोद में कार चालक की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम देमार दुर्ग निवासी विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपनी कार क्रमांक सीजी 04 सीआर 8490 में अपने परिवार के साथ देमार से सुरडोंगर जा रहे थे। शाम को झलमला चौक के पास पहुंचे थे, तभी गुण्डरदेही की तरफ से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 24 टी 8860 के चालक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। इसके साथ ही कार को घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गया। इससे कार का पीछे व दाहिना साईड क्षतिग्रस्त हो गया है। अच्छी बात यह रही कि कार में बैठे लोग सुरक्षित हैं।

### घर के सामने से बाइक चोरी बालोद थाने में मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम बघमरा मड़ई घूमने गए लीलाधर साहू की बाइक चोरी हो गई। मामले में ग्राम ओरमा निवासी लीलाधर साहू ने बताया कि 4 जनवरी को अपने साला टेकराम साहू के घर ग्राम बघमरा में मड़ई देखने गया था। शाम करीब 7 बजे वहां अपनी मोटर सायकिल क्रमांक डीएल 75 बीडी 8556 को साला टेकराम साहू के घर के सामने खड़ी किया और उसके साथ मड़ई देखने चला गया। वहीं, रात लगभग 9 बजे वापस घर पहुंचने पर वहां बाइक नहीं थी। आसपास ढूंढने और पूछने पर पता नहीं चला, तब 21 जनवरी को बालोद थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ग्राम देवरी द में संगीतमय श्रीरामकथा कथा आज

**बालोद/निकुम।** ग्राम देवरी द पुराना पारा में छत्तीसगढ़ के राजहंस मानस परिवार सोनसाय टोला, अंबागढ़ चौकीदार द्वारा एक द्विवसीय श्रीरामकथा संगीतमय कथा 23 जनवरी गुरुवार दोपहर 12 बजे से संध्या 6 बजे तक श्री राजहंस भारद्वाज करेंगे।

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 23 जनवरी गुरूवार को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरूर में रखी गई है। बैठक में तहसील पदाधिकारी गण, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह–संयोजक गण, कार्यकारिणी सदस्य गण एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

### हाईवा चालक से मांगी लिफ्ट फिर 9500 ले भागा युवक

**बालोद।** एक हाईवा चालक को युवक को लिफ्ट देना भारी पड़ गया। लिफ्ट मांगने वाले युवक चालक के 9500 रूपए ले उड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम चिरईगोड़ी के राजकुमार ने बताया वह 21 जनवरी को हाईवा क्रमांक सीजी 24 यू 9799 को अपने साथी टामन साहू एवं विकास बंजारे निवासी पड़कीभाट को बिठाकर चलाते हुए झलमला की ओर से बालोद आ रहा था। झलमला चौक पर पाररास निवासी लक्ष्मीनारायण गोंड़ मिला, उसने लिफ्ट मांगी। उन्होंने बताया कि चूंकि मैं लक्ष्मीनारायण को पहचानता हूं, इसलिए मैंने उसे हाईवा में बिठा लिया। उसके बाद बालोद आते हुए एक गैरेज के पास मैं और मेरे दोनों साथी हाईवा का टायर चेक करने उतरे। वहीं, हाईवा में लक्ष्मीनारायण बैठा रहा। टायर चेक करने के बाद मैं और मेरे साथी टामन साहू और विकास हाईवा में चढ़ रहे थे, तभी देखा कि लक्ष्मीनारायण डेशबोर्ड में रखे भूरे रंग के पर्स के अंदर नकदी 9500 रुपया को निकालकर भागने लगा। उसे आवाज देने पर भी वह नहीं रुका और भाग गया।


# कलेक्टर शर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायज़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। इस सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तहसील कार्यालय में चल रही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने बेमेतरा एसडीएम कार्यालय परिसर में जाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भरे जा रहे नाम निर्देशन पत्रों की जांच की और समस्त चुनावी प्रक्रियाओं की समुचित व्यवस्था का गहन जायजा लिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बातचीत करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उम्मीदवारों को नामांकन भरने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात कही कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। श्री शर्मा ने बताया कि चुनाव के सभी चरणों के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव दोनों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

### अधिकारियों को दिए सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



#### निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव की पहल

प्रशासन का लक्ष्य है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया को सही ढंग से संपन्न कराने और किसी भी बाधा से बचने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कि इस अवसर पर एसडीएम दिव्या पोटाई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने औचक निरीक्षण के दौरान देखी अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी

# डीईओ कार्यालय से 21 अधिकारी-कर्मचारी रहे नदारद, कटेगा एक-एक दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार सुबह 10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके एक दिन का वेतन काटने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस कड़ी कार्रवाई के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुबह ठीक 10 बजे डीईओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुल 21 अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। अनुपस्थित अधिकारियों में सहायक संचालक एसपी कोशले, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुनील तिवारी, वरिष्ठ लेखा



परीक्षक गजाधर प्रसाद बघेल, सहायक ग्रेड 1 सुधीर हरि श्रीवास्तव, लेखापाल भूपेंद्र पांडेय सहित अन्य कई महत्वपूर्ण पदों के अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान समय पर अनुपस्थित पाए गए 21 अधिकारियों और कर्मचारियों में शामिल अन्य प्रमुख नामों में सहायक ग्रेड 2 सुभाष कुमार पाटिल, चेतन बंजारे, प्रवीण सिंह राजपूत, सहायक ग्रेड 3 स्नेहलता महेश्वरी, विवेक दत्त कोशले, डाटा एंट्री ऑपरेटर जितेंद्र प्रसाद गोयल और अन्य भृत्य कर्मचारी शेखर लाल, प्रवीण कुमार, समीर परगनिया और ओंकार प्रसाद वर्मा शामिल हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ एक दिन के वेतन काटे जाने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आवश्यक थी ताकि कार्यालय के अनुशासन और समयबद्धता को सुनिश्चित किया जा सके।

#### कड़ा संदेश : दोबारा गलती पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, कि समय पर कार्यालय में उपस्थित रहना सभी की जिम्मेदारी है। कोई भी कर्मचारी या अधिकारी समयबद्धता का उल्लंघन करता है, तो उसे कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। दोबारा ऐसी गलती पाए जाने पर और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बरसों से अनियमित रूप से विलंब से आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एक कड़ा संदेश गया है। कलेक्टर के इस निरीक्षण से स्पष्ट हो गया है कि प्रशासनिक कार्यों में ढिलाई और अनुशासनहीनता पर अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस पूरे प्रकरण के बाद डीईओ कार्यालय में सुधार की उम्मीद की जा रही है, और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में अधिकारी और कर्मचारी समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें, जिससे जनता को समय पर सेवाएं मिल सकें।

## गणतंत्र दिवस पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के मुख्य समारोह में विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में प्रातः 9 बजे शुरू होगा।



गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए कलेक्टर ने आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियां करने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह ज़िला मुख्यालय के बेसिक मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्ध सैनिक बलों, पुलिस एवं नगर सेना की टुकडिय़ों द्वारा सलामी दी जायेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। वहीं, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन इत्यादि विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति होगी।

#### शहीद जवानों के परिजनों का होगा सम्मान

गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने के लिए पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वच्छता कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों, कार्यालयों और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी, साथ ही सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

## जिले में चल रही प्री बोर्ड परीक्षा का डीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के तहत जिले में चल रहे प्री बोर्ड परीक्षा का बुधवार आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के साथ सहायक संचालक एस पी कोसले व एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू भी शामिल रहे।

इस दौरान उन्होंने दोपहर 2:30 बजे से लगातार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कारेसरा पहुंचे जहां कुल विद्यार्थी दसवीं में 46 में 46, बारहवीं कक्षा में 70 में से 69 बच्चे उपस्थित रहे। वहीं, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खाती में कक्षा दसवीं 83 में से 79 व 04 अनुपस्थित व बारहवीं 50 में 50 बच्चे उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल खाती विकास खण्ड साजा का निरीक्षण किया गया। जिसमें दसवीं कक्षा व बारहवीं बोर्ड कक्षाओं का प्री बोर्ड परीक्षा कराया जा रहा है ताकि पिछले वर्ष की अपेक्षा बेहतर परिणाम आ सके तथा प्रत्येक बच्चों का सर्वांगिण विकास हो सके। समस्त शिक्षकों को शाला समयानुसार उपस्थिति, संपूर्ण रजिस्टर संधारण, कोर्स पूर्ण, मध्यान्ह भोजन, साफ सफाई, उपस्थिति, अपार आई डी, जाति निवास आय प्रमाण पत्र व अन्य स्कूल सम्बंधित कार्यो का निर्वहन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## हटाई जा रहीं शासकीय संपत्तियों पर लगाई गईं प्रचार सामग्री

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। इस संहिता के तहत राजनीतिक दलों द्वारा शासकीय संपत्तियों पर लगाई गई प्रचार सामग्रियों जैसे पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, और दीवार लेखन को हटाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का पालन सुनिश्चित हो सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अपने क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग्स और प्रचार सामग्री को हटाने की मुहिम शुरू कर दी है। इसके अलावा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका बेमेतरा ने नगर पालिका क्षेत्र में सभी गैरकानूनी प्रचार सामग्रियों को हटाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसी प्रकार, सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला बेमेतरा अपने-अपने नगर पंचायत क्षेत्रों में होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं। वहीं, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ने अपने-अपने जनपद पंचायत क्षेत्रों में इसी तरह की कार्यवाही शुरू कर दी है। जिले में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत गठित दल इस कार्यवाही की नियमित निगरानी कर रहे हैं। इन दलों द्वारा प्रतिदिन की गई कार्रवाई का विवरण जिला कार्यालय में स्थापित शिकायत शाखा में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस मुहिम के अंतर्गत शासकीय भवनों, भूमि, बिजली और टेलीफोन के खंभों, तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए सभी अवैध प्रचार सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है।




## गणतंत्र दिवस पर आचार संहिता का करना होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचनों की आदर्श आचरण संहिता लागू रहने के दौरान गणतंत्र दिवस के समारोहों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में राजनीतिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और समारोहों में राजनीतिक प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आदर्श आचार संहिता के तहत, राजनीतिक पदाधिकारी अपने गृह जिले या निर्वाचन क्षेत्र के बाहर शासकीय समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में कोई समारोह में हिस्सा नहीं ले सकते। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजनों में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और



विधायक को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की अनुमति है, परंतु उनके भाषण में किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रचार की मनाही रहेगी। वे केवल देशभक्ति, शहीदों की शौर्य गाथाओं और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा कर सकेंगे, लेकिन नए निर्णय या घोषणाएं नहीं कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे।

#### नहीं कर सकेंगे नई घोषणाएं

गणतंत्र दिवस पर किसी भी नई घोषणा की अनुमति नहीं होगी और किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रचार को प्रतिबंधित किया गया है। शासन की प्रचलित योजनाओं का झांकियों के रूप में प्रदर्शन किया जा सकता है, लेकिन झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जा सकेंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकता है, लेकिन इन कार्यक्रमों में भी राजनीतिक प्रचार-प्रसार पर सख्ती से रोक रहेगी।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर यातायात व परिवहन विभाग ने लगाया शिविर

# लर्निंग लाइसेंस कैंप में मिले 74 आवेदन, टेस्ट में 65 पास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात कार्यालय परिसर में एक विशेष लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरल तरीके से लर्निंग लाइसेंस प्रदान करना था।

मंगलवार को सुबह 10 बजे से देर शाम तक आयोजित इस कैंप में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाने के निर्देश



दिए गए थे। कैम्प में आवेदकों का ऑनलाइन फॉर्म भरा गया, जिसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया के बाद आवेदकों को सड़क सुरक्षा संकेतकों की जानकारी दी गई, जिससे वे लर्निंग लाइसेंस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। इसके परिणामस्वरूप 65 आवेदक लर्निंग लाइसेंस टेस्ट में सफल हुए और उन्हें तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया।

#### सड़क सुरक्षा का महत्व बताने की पहल

इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना था, ताकि वे सुरक्षित और नियमों के अनुसार वाहन चला सकें। इस अवसर पर यातायात बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सउनि भलेतिनुस पन्ना, जिला परिवहन कार्यालय से प्रवीण कुमार साहू, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, खोमलाल साहू, दौलत वर्मा, आरक्षक पारसमणी साहू, राजेश राजपूत, चंद्रकांत देवांगन (सुपरवाइजर), युगल देवांगन (परिवहन सुविधा केंद्र दाढ़ी), विक्रांत देवांगन (लोक सेवा केंद्र बेमेतरा) एवं अन्य यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➤ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➤ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➤ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन, आदर्श विवाह 3 से

**रायपुर।** छग हरदिहा साहू समाज परिक्षेत्र रायपुर के ग्राम कांदुल में बाउंड्रीवाल और शेड निर्माण के लिए सोमवार को ग्रामवासियों के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 3 से 7 फरवरी को होने वाली है, उसका भी भूमिपूजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष विनय साहू ने बताया कि हरदिहा साहू समाज के परिक्षेत्र रायपुर द्वारा शासन द्वारा प्रदत 5 एकड़ भूमि ग्राम कांदुल में मुख्यमंत्री द्वारा 4 मार्च 2024 को इस सामाजिक भूमि पर आदर्श सामूहिक विवाह के अवसर पर बाउंड्रीवाल के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। इस कार्य के लिए समाज द्वारा सोमवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम एवं क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण विधानसभा द्वारा शेड निर्माण के लिए 38.80 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उसका भी भूमिपूजन रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंदकुमार साहू एवं छग हरदिहा साहू समाज के संरक्षक द्वारा भूमिपूजन किया गया है। भूमिपूजन के अवसर पर गज्जू साहू, तीरथराम साहू, राजकुमार साहू, चिंताराम साहू, रामबगस साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, पूर्व सरपंच जितेंद्र धुरंधर व कांदुल गांव के सरपंच असवन लहरे व उपसरपंच शिवराम धनगर, अन्य साहू समाज के 150 सदस्यों की उपस्थिति रही है।

### फार्मेसी काउंसिल अध्यक्ष को हाईकोर्ट से नोटिस

**रायपुर।** न्यायालय की अवमानना करते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक करने के मामले में अध्यक्ष अरुण मिश्रा को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। फार्मेसी काउंसिल से नियम विरुद्ध सदस्यता समाप्त करने के मामले में डा. राकेश गुप्ता ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। न्यायालय ने अपील स्वीकारते हुए फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर एवं अध्यक्ष अरुण मिश्रा के आदेश को गलत बताते हुए 6 दिसंबर को निरस्त कर डा. गुप्ता की सदस्यता बहाल कर दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए 3 जनवरी को फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसके खिलाफ डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के द्वारा उच्च न्यायालय में केस दायर किया। इसकी सुनवाई 20 जनवरीको करते हुए न्यायालय की ओर से अध्यक्ष अरुण मिश्रा को नोटिस जारी किया है।

### एक ही ब्रांच के 104 खातों में ऑनलाइन ठगी के 36 लाख का किया ट्रांजेक्शन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सिविल लाइंस पुलिस ने ऑनलाइन ठगी की राशि ट्रांजेक्शन के मामले में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक की सिविल लाइंस ब्रांच के 104 खातों के धारक और खाता खुलवाने में सहयोग करने वालों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। इन खातों से 36 लाख 48 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है। पोर्टल में आनलाइन ठगी की शिकायत : उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय का समन्वय पोर्टल है, जिसमें आनलाइन ठगी की शिकायतें होती हैं। इसमें ठगी के मामले में पिछले एक साल में जितनी शिकायतें आई हैं, उन बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। इसमें उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक की सिविल लाइन ब्रांच के 104 खाते भी हैं।

# पहली बार दो शिफ्ट में लगीं कक्षाएं, अब साइंस कॉलेज में नया भवन, ताकि मिले अतिरिक्त विकल्प

## 6 अतिरिक्त कक्षाओं का किया जा रहा निर्माण, पीडब्ल्यूडी तैयार करेगा कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

साइंस कॉलेज में 6 कक्षाओं के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है तथा राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। स्वीकार की गई राशि पीडब्ल्यूडी को प्रेषित कर दी गई है। उसके द्वारा ही इस भवन का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहली बार साइंस कॉलेज को दो शिफ्ट में अपनी कक्षाएं संचालित करनी पड़ी थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने हैं। साइंस कॉलेज द्वारा बीएससी के विद्यार्थियों को कला संकाय के कुछ विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। चूंकि अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने के कारण अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं, इसलिए कक्ष की कमी का सामना महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा था। इसके चलते दो पालियों में कक्षाएं लगाते हुए पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से 3 बजे तक तथा द्वितीय शिफ्ट की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे से दोपहर 5.30 बजे तक लगाई जा रही है। नवीन भवन का निर्माण होने के पश्चात कक्षाएं पूर्व की भांति एक ही शिफ्ट में संचालित होंगी। हालांकि निर्माण कार्य अभी शुरुआती दौर में है। ऐसे में नवीन भवन का लाभ वर्ष अंत तक ही मिल पाएगा।

### लगाए जाएंगे स्मार्ट प्रोजेक्टर

जिन नवीन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, उसे पुराने भवन की ही तर्ज पर बनाया जाएगा ताकि एकरूपता बरकरार रहे। नवीन कक्षों को स्मार्ट कक्ष का रूप दिया जाएगा। स्मार्ट प्रोजेक्टर सभी कक्षाओं में इंस्टॉल किए जाएंगे ताकि यू-ट्यूब के माध्यम से अथवा अन्य किसी तरह के वीडियो के जरिए छात्रों को आसानी से अध्यापन कराया जा सके। वर्तमान में भी सभी विभागों के पास अपने प्रोजेक्टर हैं, जिनका इस्तेमाल वे समय-समय पर छात्रों को नई चीजें सीखाने के लिए करते हैं, लेकिन नई कक्षाओं में स्थायी रूप से इसकी व्यवस्था की जाएगी। महाविद्यालय परिसर के पीछे रिक्त भूमि में ही यह निर्माण कार्य हो रहा है।



वर्तमान में प्रथम शिफ्ट 8 बजे से द्वितीय 10.30 से

### राधाबाई कन्या महाविद्यालय में 50 सीटर हॉस्टल

साइंस कॉलेज के अलावा जिन कॉलेजों में नवीन निर्माण हो रहे हैं, उसमें नवीन राधाबाई कन्या महाविद्यालय शामिल है। यहां 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। महाविद्यालय कैंपस में ही इस हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भी मंजूरी सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं। अब तक यहां छात्रावास की सुविधा नहीं थी। अब यहां पढ़ने वाली छात्राओं को 50 सीटर छात्रावास की सुविधा मिल सकेगी। प्रवेश मेरिट बेस पर दिया जाएगा।

### बढ़ाने पड़े सेक्शन

एनईपी के अंतर्गत विषय बढ़ाने के चलते हमें सेक्शन भी बढ़ाने पड़े हैं। आवश्यकता को देखते हुए 6 नवीन कक्ष का निर्माण किया जा रहा है।

\- डॉ.अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### अब तक छात्रावास की सुविधा नहीं

महाविद्यालय में अब तक छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब हम निर्माण करने जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को इससे सुविधा होगी।

\- डॉ.प्रीति मिश्रा, प्राचार्य, राधाबाई महाविद्यालय

## नगर निगम के सामने हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत

# सफाई ठेके का हर साल 26 करोड़ भुगतान यूजर से 18 करोड़ वसूली, 8 करोड़ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के सफाई ठेके के एवज में नगर निगम हर साल ठेका एजेंसी रामकी को 26 करोड़ रुपए भुगतान करता है, इसकी भरपाई के लिए जहां शहर के आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन वाले संस्थानों से यूजर चार्ज के रूप में हर साल करीब 18 करोड़ रुपए की वसूली हो रही है, वहीं 8 करोड़ का अंतर अभी भी बना हुआ है। इस गेप को पूरा करने निगम प्रशासन को हर साल राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आ रही है। प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में शुमार रायपुर नगर निगम अब तक अपने आवश्यक खर्चों को लेकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। इसके चलते उसे हर साल सरकार के सामने अपने जरूरी खर्चों की भरपाई के लिए हाथ फैलाने की नौबत आती है। चाहे फिल्टर प्लांट का भारी भरकम बिजली बिल हो, या खारुन नदी में नालों का गंदा पानी साफ करने स्थापित 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल। निगम मुख्यालय से लेकर जोन दफ्तर, सामुदायिक भवन, मल्टीलेवल पार्किंग सहित अन्य परिसरों का बिजली बिल का भुगतान इसमें शामिल है। यही वजह है पानी, सफाई, कर्मचारियों, अधिकारियों के वेतन के लिए नगर निगम को हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आती है।

- आत्मनिर्भर नहीं बन पाया प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम






### कई साल से ऐसी ही स्थिति

इसी तरह शहर के 70 वार्डों की सफाई से लेकर कचरा परिवहन, निष्पादन के कार्य कर रही ठेका कंपनी के कार्य का बिल भुगतान करने निगम अब तक पर्याप्त फंड नहीं जुटा पाया। यह स्थिति कई साल से बनी हुई है। इस ओर शहरी सरकार और निगम प्रशासन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठा पाया है।

# रोहणीपुरम तालाब के पास उद्यान का बदला स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम उद्यानिकी विभाग ने जोन 5 क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहणीपुरम तालाब से लगे उद्यान को सुव्यवस्थित कर नया स्वरूप दिया है। आम जनता की सुविधा के लिए गार्डन में लगाये गये चेयर को सुधारकर व्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत कराकर पेंटिंग कराई गई है। रोहणीपुरम तालाब के पास स्थित गार्डन में प्रतिदिन सुबह-शाम आसपास के रहवासी मार्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं, पर एक अरसे गार्डन में लगाये गये पेड़ पौधों की देखरेख सही तरीके से नहीं होने पौधे सूखने लगे थे। यही नहीं, उद्यान परिसर में लगाई गई कई लाइटें बंद पड़ी थीं। इसके कारण सांझ ढलते ही अंधेरा होने से लोगों को वहां आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जन शिकायत के बाद नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर उद्यानिकी व पर्यावरण विभाग की टीम ने गार्डन की देखरेख पर ध्यान देते हुए बंद पड़ी लाइटों को सुधरवाने में तत्परता दिखाई। गार्डन की सुंदरता बढ़ाने चारों ओर सुंदर वाल पेंटिंग कराई गई है।

- अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत
- गार्डन चेयर को किया व्यवस्थित

## शेयर मार्केट में लाभ दिलाने के नाम पर साढ़े 8 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में निवेश कराकर लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। ठग ने निवेश राशि पर हर महीने 10 प्रतिशत का लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे 8 लाख 50 हजार रुपए अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए, लेकिन राशि लेने के बाद न ही मुनाफा कराया और न ही निवेश की गई राशि लौटाई। इस घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। छत्तीसगढ़ नगर रायपुर निवासी जितेंद्र कुमार साहू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में पुलिस को बताया है कि सौरभ शर्मा नामक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ होने की जानकारी मिली थी। सौरभ ने बताया था कि उसके बताए शेयर मार्केट में अगर वह पैसा निवेश करेगा, तो हर महीने उसे 10 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। सौरभ की बात सुनने के बाद जितेंद्र उसके झांसे में आ गया। इसके बाद उसने सौरभ द्वारा बताए एसबीआई सहित विभिन्न बैंक के खातों में अलग-अलग तारीख में 8 लाख 50 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी। यह राशि 21 मई 2024 से लेकर 23 मई 2024 तक की है। राशि ट्रांसफर होने के एक माह बाद जब जितेंद्र ने अपने लाभांश के पैसे की मांग की, तो सौरभ शर्मा ने उनका फोन बंद कर दिया और उनसे संपर्क करना बंद कर दिया। इससे जितेंद्र को यह यकीन हो गया कि उसके साथ ठगी हुई है, जिसके बाद उन्होंने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## कांग्रेस ने गठित की चयन समिति पीसीसी को देगी दावेदारों के नाम

### कल तक पीसीसी को देने होंगे बंद लिफाफे में नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ कांग्रेस की तैयारी तेज हो गई है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र के लिए कांग्रेस ने जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने पार्टी के जिला और शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को पत्र जारी किया है।

समिति में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संयोजक, जिला प्रभारी प्रदेश पदाधिकारी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ समिति में सांसद, पूर्व सांसद, क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। समिति द्वारा दिए गए नामों पर प्रदेश चुनाव समिति द्वारा विचार के बाद 25 जनवरी तक सभी नगरीय निकायों के लिए प्रत्याशी तय करने के प्रयास होंगे।

- 25 तक प्रत्याशियों की सूची हो सकती है जारी

### नाम तय कर बंद देंगे

जिला कांग्रेस कमेटी को पर्यवेक्षक और प्रभारी नामों का पैनल देंगे। पैनल में से एक नाम समिति नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में आपसी समन्वय और सहमति से जीतने योग्य दावेदारों की सूची 23 जनवरी तक सीलबंद लिफाफे में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जमा करेगी।

### पर्यवेक्षकों को जल्द नाम देने कहा गया

*चुनाव की घोषणा के बाद नगरीय निकायों के लिए 22 से 28 जनवरी तक नामांकन भरा जाएगा। ऐसे में बहुत कम समय प्रत्याशी चयन के लिए बचा है। पीसीसी ने सभी पर्यवेक्षकों से अपने-अपने क्षेत्र में जल्द बैठक लेकर चुनपाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नामों के पैनल में से एक नाम ब्लॉक और जिला कांग्रेस कमेटी को दे। पैनल में से एक नाम पीसीसी को भेजा जाएगा। जहां पर सहमति नहीं बन पा रही है, वहां एक से अधिक नाम भेजे जा सकते हैं।*

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दलों से की चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आगामी चुनाव प्रक्रियाओं के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में चुनाव कार्यक्रम की समीक्षा और तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों को चुनावी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने तथा ईवीएम के उपयोग को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई। मशीनों की कार्यप्रणाली और उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया, साथ ही तकनीकी समस्याओं से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर चर्चा की गई। निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा चुनावी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए गए। नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना की पारदर्शिता पर चर्चा की गई। चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने का उद्देश्य था, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत हो सके। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उपसचिव डॉ. नेहा कपूर, आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रत्यक्ष प्रणाली से चुने जाएंगे महापौर, अध्यक्ष

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में अब महापौर एवं अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से होगा। नगर पालिकाओं का निर्वाचन मल्टी पोस्ट मल्टी वोट ईव्हीएम द्वारा करवाया जाएगा। महापौर एवं अध्यक्ष पद के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है तथा पार्षद पद के लिए कोई व्यय सीमा नहीं है।

### महापौर-अध्यक्ष को देना होगा व्यय लेखा

उन्होंने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 गैर दलीय आधार पर एवं मतपेटी के माध्यम से कराया जाएगा। नामनिर्देशन पत्र प्रारूप-3 में प्राप्त किया जायेगा। कोई व्यक्ति महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के लिए अभ्यर्थी हो सकता है एवं प्रत्येक पद के लिए निर्धारित प्रतिभूति राशि पृथक से जमा करनी होगी। महापौर/अध्यक्ष पद के व्यय लेखा के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर शपथ पत्र एवं प्रतिभूति निक्षेप राशि नहीं प्रस्तुत करने पर नामनिर्देशन पत्र अस्वीकार किया जावेगा।

**न्यायालय उप तहसील मारो, तहसील नांदघाट, जिला - बेमेतरा**

**ईश्तहार** रा.प्र.क्र./ अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन शाखा बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पंचायत अमोरा प.ह.न. 04 तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा स्थित शासकीय भूमि ख.न. 858, 737 व 1148/1 में 7200 मी. टन क्षमता के गोदाम निर्माण हेतु खाद्य विभाग के माध्यम से छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन को आबंटन कर आधिपत्य में प्रदान करने भूमि मांग किया गया है। अतएव उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/01/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार, उप तहसील मारो, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

## महिला आयोग पहुंची बीएड शिक्षिकाएं, कहा पुलिस ने फाड़े कपड़े, निजी अंगों को छुआ

**रायपुर।** अपनी नौकरी बचाने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही शिक्षकाओं ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने अपनी आपबीत साझा करते हुए ये आरोप लगाए हैं। महिला शिक्षिकाओं का आरोप है कि रविवार को मरीन ड्राइव में प्रदर्शन के दौरान उन्हें पुलिस की बदसलूकी का सामना करना पड़ा। छीना-झपटी के दौरान पुरूष पुलिस द्वारा महिला शिक्षिकाओं के कपड़े फाड़े जाने, गाली-गलौच एवं दुर्व्यवहार, पैरों से रौंदने, बालों को पकड़कर खींचने, धक्का-मुक्की सहित कई तरह के आरोप लगाए गए हैं। उनका कहना है कि इस बर्बरता के कारण कई महिलाओं को चोट आई और कई बेहोश हो गईं। गौरतलब है कि न्यायालय के आदेश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड कर्मी आचार संहिता लगने तक निरंतर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने परिवारजनों के साथ व्यापक प्रदर्शन किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202501230300010/88 / अ-2 / वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर मुरकी तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका रोहित साहू पिता कांशीराम साहू निवासी दाढ़ी तहसील दाढ़ी जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/ नगर मुरकी प.ह.नं. 12 तहसील दाढ़ी जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 333 रकबा 0.17 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प, की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28.01.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


जीवेत शरदः शतम्
23th JANUARY
संघर्षशील, कर्मठ, मिलनसार
युवा विधायक
माननीय
दीपेश साहू
जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
विजय सिन्हा
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से स्कूटी सवार बुजुर्ग घायल

**बालोद।** बाजार चौक तरौद के पास हाईवा ने स्कूटी सवार 58 वर्षीय व्यक्ति को ठोकर मार दी। दुर्घटना में व्यक्ति के बाएं हाथ, बाएं पैर व पूरे शरीर में चोट आई है। मामले में बालोद थाने में चालक ने विरुद्ध 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम तरौद के देव कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को सुबह मैं गांव के बाजार चौक के पास था। उसी समय मेरे बड़े पापा पीलुराम यादव 58 वर्ष निवासी तरौद अपनी स्कूटी क्रं. सीजी 07 एसी 3845 से बालोद तरफ आ रहे थे। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 08 एयू 7002 के चालक अंकित सिन्हा 22 वर्ष ग्राम दपका निवासी ने हाईवा को तेज चलाकर उनकी स्कूटी को ठोकर मार दी। दुर्घटना में मेरे बड़े पापा को काफी चोटें आई हैं।

### पैसे को लेकर परिवार के लोगों में मारपीट, कोतवाली पहुंचा मामला

**बालोद।** ग्राम खपरी में पैसे को लेकर एक परिवार के तीन लोगों के बीच मारपीट हुई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम खपरी (मालीघोरी) निवासी रुखमणी पटेल ने बताया कि 16 जनवरी को मैं घर पर थी, तभी मैं अपने घर में रखे मेरे पैसा के बारे में अपने देवर उमाशंकर एवं देवरानी उमेश्वरी से पूछताछ की। इसी बात पर हम पर पैसा निकालने का इल्जाम लगाते हो कहकर रात 9 बजे घर से निकाल दिया तथा पवन किराना दुकान के सामने दोनों ने गाली देते हुये मारपीट की। पारिवारिक मामला के कारण घटना के 5 दिन बाद 21 जनवरी को प्रार्थी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया है वे उनकी पूवानुमति के न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील से आगामी आदेश पर्यन्त लागू होगा।

### आदर्श आचारण संहिता का कड़ाई से पालन करें : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता का स्वयं पालन करते हुए अपने अधीनस्थ जिले में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### सिरसिदा में जस झांकी प्रतियोगिता 25 व 26 को

**अंडा।** ग्राम सिरसिदा में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता 25 जनवरी को रखी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही पायल देवेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुर्मी समाज बालोद अध्यक्ष अश्वनी चन्द्राकर करेंगे।

**आयोजन :** ग्राम बरगा में मानस तिहार में 30 मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बरगा में मानस तिहार (नवधा रामायण) के समापन दिवस एवं श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा दिवस के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में गांव की बालिकाओं एवं महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में भक्ति भाव के साथ भ्रमण किया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रवासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग मानस तिहार के तीन दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ अंचल की लगभग 30 सुप्रसिद्ध मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कल इस आयोजन का समापन महाआरती के साथ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की भव्य पूजा-अर्चना की। इस पावन अवसर पर नवधा समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष मनोज साहू,ओम पाल, सचिव हेमंत साहू,लालाराम,हरेन्द्र कोषाध्यक्ष पीलूराम साहू, संरक्षक बल्लू पाल, खेमसिंह वर्मा, राजकुमार साहू, लच्छीराम साहू, अंतराम साहू, एवं सदस्यगण पुनाराम साहू, बिसाहू साहू, लेखराम, लखन, चंद्रिका , रामजस, शिवकुमार, लाल सिंह, कियत राम, श्यामलाल, मोनू साहू, अरुण साहू, दौलत, भूषण, डाकवर, गोलू साहू, दादु, अजय, डकेश, बद्रीराम, भरत साहू, मंगतु यादव , मेहत्तर यादव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## नवागढ़ के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में हुआ रामचरित मानस पाठ



**नवागढ़।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पहली वर्षगांठ पर नवागढ़ शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने मंदिरों और अपने घरों में पूजा अर्चना कर भगवान राम का गुणगान किया। साथ ही हलवा, लड्डू आदि का प्रसाद भी वितरित किया। सनातन अनुयायियों ने शहर से लेकर गांव-गांव को दुल्हन की तरह सजाया। भगवान श्री राम एवं हनुमान जी के मंदिरों पर अखंड रामचरितमानस एवं सुंदरकांड के पाठ किये जा रहे हैं। इस बीच बुधवार को नगर के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में श्रीराम दरबार का विशेष श्रृंगार के साथ-साथ रामचरित मानस आदि का पाठ एवं भोग-भंडारा आदि भी कराया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आज 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा हो गया है। सनातन धर्म के लोग भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को आस्था एवं हर्षोल्लास से मना रहे हैं, सभी को शुभकामनाएं। इस दौरान महंत सुरेंद्र दास, मिंटू बिसेन, देवादास चतुर्वेदी, संतोष खुराना, तनु दीवान, गोकुल दास वैष्णव, रामनारायण पाठक, रामनाथ ध्रुव, विनोद मिश्रा, तुलसीराम चौहान, लखन साहू, केजउ पाल, शत्रुहन सोनकर, सुधारी राम, बलीराम सिन्हा, कार्तिक देवांगन, दुर्गेश शर्मा, पुनीत सिन्हा, परस ध्रुव सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# पहली बार छाबड़ा को हराकर बने थे पार्षद बंटी ने उन्हीं के सामने किया कांग्रेस प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- हर बार अलग-अलग वार्ड से चुनाव लड़कर चुनाव जीतने वाले बंटी चावला ने थामा कांग्रेस का हाथ

शहर के विभिन्न वार्डों से अलग-अलग चुनाव लड़कर लगातार चार बार पार्षद निर्वाचित होने वाले पूर्व पार्षद हरजिंदर सिंह चावला (बंटी) अपने पुत्र रौनक चावला के साथ मंगलवार कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, जिला कांग्रेस महामंत्री ललित विश्वकर्मा, पार्षद मनोज शर्मा, राजू साहू, रश्मि मिश्रा की मौजूदगी में पूर्व विधायक छाबड़ा ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया। बता दें कि बंटी चावला दो बार और उनकी पत्नी दो बार पार्षद रह चुके हैं। खास बात यह कि पुरुष के लिए आरक्षित होने पर बंटी चावला चुनाव मैदान में उतर जाते हैं, वहीं महिला आरक्षण होने पर उनकी पत्नी चुनाव लड़ती हैं। उन्होंने जहां दो बार भाजपा के टिकिट पर चुनाव जीता था, वहीं दो बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं।

यह दिलचस्प बात है कि पहली बार चुनाव में हरजिंदर सिंह चावला (बंटी) ने पूर्व विधायक छाबड़ा को हराकर पार्षद पद पर कब्जा किया था और आज उन्होंने उन्हीं आशीष छाबड़ा के सामने कांग्रेस की सदस्यता ली और श्री छाबड़ा ने कांग्रेस का गमछा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। बहरहाल शहर में जुझारू व जमीनी नेताओं में शुमार बंटी चावला के अचानक कांग्रेस प्रवेश कर लेने से राजनीतिक हलकों में चर्चा का दौर तेज हो गया है।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक ने परपोड़ी में ली बैठक अध्यक्ष पद के लिए 4 ने दिया आवेदन




**परपोड़ी।** नगरीय निकाय चुनावों को लेकर परपोड़ी में कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ प्रमुख रूप से अध्यक्ष व पार्षद पद के दावेदार मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार शीघ्र ही उम्मीदवारों के नाम की घोषणा हो जाएगी। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए विजय बघेल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। इसी प्रकार जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतराद्वारा मनोज भूवाल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। बैठक पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी दिशा निर्देश की जानकारी उपस्थित कांग्रेसियों को दी।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी के लिए जिला महामंत्री विजय दुबे, नरेश सिन्हा, केशव साहू, चंद्र प्रकाश मिश्रा ने अपनी दावेदारी पर्यवेक्षकों के सामने पेश की। वहीं, मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत परपोड़ी के 15 वार्डों में से 6 में दो-दो कार्यकर्ताओं ने पार्षद पद के लिए प्रत्याशी के रूप में आवेदन दिया है, जबकि बाकि 9 वार्डों में केवल एक-एक नाम ही आए हैं। बैठक में प्रदेश पर्यवेक्षक विजय बघेल, जिला पर्यवेक्षक मनोज भुवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी साजा अध्यक्ष संतोष वर्मा, निर्वतमान अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा गुड्डू जायसवाल, संतोष तिवारी, राजू वैष्णव, ब्लाक कांग्रेस कमेटी साजा महामंत्री संदीप चौबे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की तैयारी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा पंचायत चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) की नियुक्ति की है।

जिले की पंचायतों के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत बेमेतरा जनपद पंचायत (108 पंचायतों) के लिए रिटर्निंग ऑफिसर टेकचंद अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राधाकृष्ण घृतलहरे सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख रहेंगे। वहीं, बेरला जनपद पंचायत (100 पंचायतों) के लिए रिटर्निंग ऑफिसर पिंकी मनहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बेरला एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बिरेन्द्र कुमार साहू, प्र. अधीक्षक, भू-अभिलेख बेमेतरा, एवं शिशिर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला । साजा जनपद पंचायत (106 पंचायतें) के लिए रिटर्निंग ऑफिसर धनीराम रात्रे, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संतोष घोषले, प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद साजा एवं चादनी देवांगन नायब तहसीलदार साजा।

नवागढ़ जनपद पंचायत (111 पंचायतें) के लिए रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश कुमार भारद्वाज अनुविभागीय अधिकारी (रा.), नवागढ़ एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सनत महादेवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद नवागढ़ एवं मोरध्वज साहू, नायब तहसीलदार थानखम्हरिया को नियुक्त किया गया है ।

नियुक्त अधिकारी निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए नियुक्त किए गए। ये अधिकारी संबंधित क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार होंगे। उनके द्वारा नामांकन पत्रों की जांच, मतगणना और अन्य आवश्यक निर्वाचन कृत्यों का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

## शिक्षिका मैमूना सुल्ताना ने दिया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखण्ड साजा में मैमूना सुल्ताना सहायक शिक्षिका ने नेवता भोज का आयोजन किया। शिक्षिका ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को पुलाव चटनी मिष्ठान और केक खिलाया। बच्चों ने आरती और तिलक कर पूरे शाला परिवार की ओर से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बीआरसीसी साजा बीडी बघेल, संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम, प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, अहिल्या कुंजाम, राजू दास मृचंडे, एवं शिक्षक आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, राकेश देवांगन, सरस्वती मिर्चे, हरेंद्र यादव, आमना परवीन, गीतांजलि अग्रवाल छवि साहू, फरहद खान, नारायणी भुवार्य उपस्थित थे।

## मोहभट्ठा विद्यालय में प्रधानपाठक बंजारे को दी गई ससम्मान विदाई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा के प्रधान पाठक सुरेश कुमार बंजारे की पदोन्नति के बाद उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। शाला के समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने शॉल, श्री फल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्रधान पाठक गोविन्द प्रसाद वर्मा ने बंजारे के जीवन के अमूल्य समय शाला को देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक गोविन्द वर्मा, देवेंद्र साहू, शशिकला पाण्डेय, कीर्ति तिवारी, रूखमणि साहू, स्मिता गुप्ता सहित स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## सिंघौरी में श्री रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम




**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ शिक्षिका सरस्वती साहू द्वारा बच्चों को भगवान श्री राम की कहानी सुनाई गयी। शाला में बच्चों द्वारा मिट्टी से रामजी एवं हनुमान जी की मूर्ति बनाई गई। कुछ बच्चों ने कागज पर चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही भगवान श्री राम के भजन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने बच्चों को बांटे तिल के लड्डू



**बेमेतरा।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक शाला मही-दही में शिक्षिका जानकी ठाकुर एलबी एवं प्राथमिक शाला सहायक शिक्षक गजानंद वैष्णव ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों को खीर और तिल के लड्डु बांटे। दोनों संस्था प्रमुख ने शिक्षकों का धन्यवाद किया एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम में दोनों संस्था के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## ग्राम अंडा में जस झांकी प्रतियोगिता 25 व 26 को

**अंडा।** दीपकिरण जस झंकार मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अंडा ग्राम आबादी पारा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता 25 एवं 26 जनवरी को रखी गई है। राजेश कुमार धीवर, उमेश साहू और संतोष साहू ने बताया कि उद्घाटन समारोह 24 जनवरी को शाम 7 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग जनपद पंचायत सभापति टिकेश्वरी देशमुख होंगी, अध्यक्षता दाऊ राधेश्याम चन्द्राकर करेंगे। समापन समारोह 26 जनवरी को होगा, जिसके मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे।

## ग्राम मोहभट्ठा में श्रीमद् भागवत कथा जारी

# मित्र सुदामा की दशा देख द्वारिकाधीश श्री कृष्ण की आंखों में आंसू आ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा

ब्लॉक बेरला अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित अमित महाराज ने 22 जनवरी को सुदामा चरित, राजा परीक्षित मोक्ष कथा का वर्णन किया।



आठवें दिन सुदामा चरित्र वर्णन परिक्षित मोक्ष के साथ शाम चढोत्री हुई। इस अवसर पर ग्राम मोहभट्ठा निवासियों ने बढ़-चढ़कर दान किया। श्री कृष्ण और सुदामा के जीवन का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि सुदामा जी भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे। श्री कृष्ण से उनकी मित्रता ऋषि सांदीपनी के गुरुकुल में शिक्षार्जन के समय हुई। सुदामा जी अपना व अपने परिवार पत्नी तथा बच्चे का भरण पोषण ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे। सुदामा इतने में ही संतुष्ट रहकर हरि भजन करते रहते थे। एक दिन वह अपनी पत्नी के कहने पर सहायता के लिए द्वारकाधीश श्री कृष्ण के पास गए। उनकी दशा देखकर तीनों लोकों के स्वामी की आंखों से आंसू आ गए। उन्होंने अपने मित्र सुदामा की दो दिन सेवा करके उन्हें वहां से विदा किया। जब सुदामा जी अपने नगर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर सुंदर महल बना हुआ है। कथावाचक ने राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विमल, जीवन ढीमर, बीरेंद्र ढीमर, धनी, कृष्ण, खेमिन बाई, उषा, सरोजनी, रोशनी बाई, किरण बाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सोलर लाइट की दो साल में तीसरी बार हो रही मरम्मत

**बालोद।** लाखों की लागत से जिला प्रशासन द्वारा घोटिया मार्ग से कलेक्टर कार्यालय तक सोलर लाईट लगाई गई है, जिसकी दो साल में ही तीसरी बार सुधार कार्य और मरम्मत की जरूरत पड़ रही है। बताया जा रहा है कि सोलर लाईट तोड़फोड़, चोरी व सही देखरेख के अभाव में खराब हो गई। लगाने के लगभग सालभर बाद इन सोलर लाईटों की मरम्मत प्रशासन द्वारा करवाई गई थी। लेकिन अब एक बार फिर मरम्मत करवाने के साथ नवीन पोल की स्थापना प्रशासन द्वारा लाखों की लागत से कराई जा रही है। असामाजिक तत्वों द्वारा इन सोलर लाईटों की तोड़फोड़ के साथ ही इन लाईटों के चोरी हो जाने की शिकायत लगातार सामने आती रहती थी। वर्तमान में चुनाव होने के कारण कई महत्वपूर्ण बैठकें व चुनाव संबंधी कार्य होने के कारण अधिकारी कर्मचारी कई बार देर रात तक अपने कार्यालय में रुकते हैं। वहीं, चुनाव के दौरान मुख्यालय में रहने के निर्देश के कारण रात में कलेक्टोरेट आना-जाना करते है।

